तापमान

अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 24 .4 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई, 2025



11 खरड़-अलीपुर में टॉपर बेटियां हुई सम्मानित



12 हिसार बार में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन




## नाबालिग गणेश की मौत के मामले में दिनभर रहा तनाव, परिवार ने धरना शुरू किया

# परिजन बोले- दोनों चौकी प्रभारी और हमलावर पुलिसकर्मियों को हत्या व एससीएसटी एक्ट में केस कर सस्पेंड किया जाए, तब होगा पोस्टमार्टम

- जन्मदिन पर देर रात गली में डीजे बजाने पर हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के 12 क्वार्टर एरिया में देर रात बर्थडे पाटी के दौरान छत से गिरकर एक नाबालिग गणेश की मौत के मामले में दिनभर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। मृतक के परिजनों तथा क्षेत्रवासियों ने गणेश का शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और नागरिक अस्पताल में सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे परिजनों ने कहा कि जब तक गणेश को धक्का देने तथा महिला से मारपीट करने वाले पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड कर उनके खिलाफ हत्या तथा एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज नहीं हो जाता वे शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे। बर्थडे पार्टी में शामिल होने गए एक युवक के परिजनों पर धरने पर पहुंचे और उनका कहना था कि उनका बेटा भी रात से गायब है। मामले की सूचना मिलने पर मेयर प्रवीण पोपली भी धरनास्थल दे रहे लोगों के बीच पहुंचे और घटना की जानकारी ली। धरने दे रहे लोगों ने कहा कि वे पुलिस को सीधे तौर पर बयान दर्ज नहीं करवाएंगे। बाद में पीड़ितों को एक प्रतिनिधिमंडल डीसी से भी मिला। इसके बाद प्रशासन की तरफ से तहसीलदार मौके पर पहुंचे तब जाकर परिजनों ने अपने बयान दर्ज करवाए। इस मसले पर बुधवार को फिर से बैठक होगी, फिलहाल नागरिक अस्पताल में परिजनों को धरना जारी है। उधर, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि इस पूरे मामले की न्यायसंगत, निष्पक्ष व गहन जांच की जा रही है।



हिसार। नागरिक अस्पताल में धरना देते मृतक के परिजन व क्षेत्रवासी।



हिसार। घटना की जानकारी लेते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो: हरिभूमि

### शिवा की बहन मासूम ने ये बताया

## पुलिसकर्मियों ने गणेश के सिर पर डंडा मारा और छत से धक्का दे दिया

मृतक गणेश के परिजनों और शिवा की बहन मासूम ने पुलिस पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। मासूम के अनुसार उसके भाई शिवा के जन्मदिन पर घर पर पार्टी चल रही थी। रात करीब 11.30 बजे चार पुलिस कर्मी आए। चारों शराब के नशे में थे। उन्होंने डीजे बंद करवा दिया। पुलिस ने गणेश को जमीन पर गिराकर मारा। फिर वह छत पर गया तो पीछे-पीछे पुलिसवाले गए। उन्होंने उसके सिर पर डंडा मारा और छत से धक्का दे दिया। मैंने अपनी आंखों से देखा है। कुछ देर बाद पुलिस की 7-8 गाड़ियां आई और उनके घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। विरोध किया तो मेरे, मां और छोटी बहन के साथ मारपीट की। इसके बाद घर में लगी सीसीटीवी की डीवीआर को साथ ले गए।



जानकारी देती मासूम।

### पुलिस कर्मचारियों ने ये दावा किया

## युवकों ने झगड़ा किया, डर के मारे गणेश खुद छत से कूदा

पुलिस ने दावा किया कि नागरिक अस्पताल से ममेडिकल रुक्का प्राप्त होने पर पुलिस को घायल आकाश ने बताया कि रोहित उर्फ बच्ची वेढा ने उसे दोस्त के बर्थडे पर बुलाया। वे दोनों शुभम उर्फ काकू के मकान की छत पर गए और शराब पी। सामने डीजे तेज आवाज में चल रहा था। जब पुलिस डीजे बंद कराने आई तो शुभम व अन्य लोग पुलिस से झगड़ने लगे। डर के कारण कि पुलिस पकड़ न ले, खुद आकाश और गणेश भागने के लिए छत से कूद गए, जिससे उन्हें चोट लग गई और अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल आकाश को प्राथमिक उपचार देने बाद आगामी उपचार के लिए रात में ही अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था।



तैनात पुलिस बल।

### पिता को पुलिस ने अस्पताल में जाने से रोका

12 क्वार्टर एरिया में रहने वाले विक्की ने बताया कि हम अपने घर पर थे और बेटा गणेश अपने दोस्त शिवा के जन्मदिन की पार्टी में गया हुआ था। रात करीब 11.30 बजे बेटे गणेश के दोस्त ने घर पर आकर सूचना दी कि गणेश छत से गिरने के कारण गणेश की मौत हो गई है। बेटे की मौत का समाचार सुनकर बेसुध हालत में वह नागरिक अस्पताल पहुंचा तो वहां पर पहले से ही भारी पुलिस बल मौजूद था। पुलिस को उसने बताया कि वह गणेश का पिता है। इसके बावजूद पुलिस ने उसे अस्पताल के अंदर नहीं जाने दिया। बाद में क्षेत्र अन्य लोग भी अस्पताल पहुंचे तो उसे अंदर जाने दिया।

### तेजधार हथियारों से पुलिस पर हमला किया

पुलिस के अनुसार 12 क्वार्टर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक विनोद कुमार को गश्त के दौरान भारत नगर में रात 11 बजे शुभम के घर के सामने वाली गली में डीजे बजता पाया, जिसे बंद करवाने पर शुभम उर्फ काकू और शिवा उर्फ घोड़ा बहस करने लगे। इसके बाद विनोद ने नई सब्जी मंडी चौकी इंचार्ज एएसआई महेंद्र को बुलाया। महेंद्र के साथ भी शुभम, शिवा और 15-20 लड़कों ने बहस की और पथराव व डंडे, गंड़ासी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उप निरीक्षक विनोद व सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिर पर चोट लगने से गम्भीर रुप से घायल हो गए। विनोद कुमार गम्भीर रूप से घायल होने के कारण अब भी अस्पताल मे उपचाराधीन है।

### भीड़ ने पहचाना तो अस्पताल की ग्रिल कूदकर भागा पुलिसकर्मी

परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए नागरिक अस्पताल में धरना शुरू कर दिया। इस दौरान धरने पर बैठे कुछ लोगों ने रात को घटना के समय मौजूद एक पुलिस कर्मी अस्पताल में देखते ही पहचान लिया। इसके बाद पुलिस कर्मी आगे दौड़ा और भीड़ उसके पीछे भागी। पुलिस कर्मी अस्पताल की पार्किंग की ग्रिल कूदकर वहां से फरार हो गया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई। किसी तरह मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभाला।



हिसार। पुलिस कर्मचारी को पकड़ने के लिए दौड़ते लोगों को समझती पुलिस।

### पुलिस ने बताई क्राइम हिस्ट्री

## दो नामजद समेत 15-20 अन्य पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज

पुलिस के अनुसार शुभम उर्फ काकू तथा शिवा दोनों पर अलग-2 थानो में अवैध असला रखने, वसूली, लडाई झगड़ा, दंगा करने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने आदि के अन्तर्गत 10 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। 12 क्वार्टर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक विनोद कुमार के बयान पर थाना एचटीएम में विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत शुभम उर्फ काकू, शिवा उर्फ घोड़ा व अन्य 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग अंकित करके नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### खबर संक्षेप



हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम। फोटो: हरिभूमि

### नगर निगम की टीम ने 39 बेसहारा पशु पकड़े

हिसार। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर की सड़कों से बेसहारा पशुओं पकड़ो अभियान जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा आजाद नगर, सातरोड, हनुमान कॉलोनी, न्यू जवाहर नगर व राजीव नगर के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 39 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया।

### तैराकी में नींव ने जीते चार स्वर्ण पदक

हिसार। केएलआर्य डीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र नींव ने तैराकी प्रतियोगिता में विभिन्न पुरस्कार प्राप्त करके अपनी अद्वितीय प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन में किया गया, जिसमें अनेक प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए छात्र नींव ने 25 मीटर, 50 मीटर एवं 100 मीटर फ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता (तीनों प्रतियोगिता) में स्वर्ण पदक प्राप्त करके अपना दमखम दिखाया। इसके अतिरिक्त 25 मीटर बैक स्ट्रोक में स्वर्ण एवं 50 मीटर बैक स्ट्रोक तैराकी में रजत पदक प्राप्त किया।

### कुंजलाल गार्डन की गलियों में जलभराव

हिसार। शांति नगर के निकट बसे कुंजलाल गार्डन की गलियों में तो पानी है परंतु क्षेत्र वासियों की छत पर लगी टंकियां खाली हैं। मोहल्ला वासी गीता रानी, संतोष देवी, बाला देवी, राज रानी, संतोष रानी आदि ने बताया कि रिक्शा फैक्ट्री के सामने की गली में पिछले एक सप्ताह से पानी की सप्लाई नहीं आ रही जिससे लोग बेहद परेशान हैं। लोगों का कहना है कि बारिश आने पर गली में कई-कई फुट पानी भर जाता है जोकि दो दिन तक निकलता नहीं है परंतु सप्लाई का पानी नहीं आता जिसकी अत्यंत जरुरत रहती है। महिलाओं ने जन स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया है कि उनकी गली की सुध ली जाए।

### कार्यकारी अभियंता के साथ बातचीत विफल

हिसार। हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन की ग्रामीण ब्रांच का एक प्रतिनिधि मंडल ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों की मांगों को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंडल नंबर एक के कार्यकारी अभियंता से मिला। ब्रांच सचिव मनोज भांभू ने बताया कि वार्ता में कार्यकारी अभियंता ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर उदासीनता दिखाई, जिसके चलते वार्ता विफल रही। उन्होंने बताया कि अधिकारी के रवैये को देखते हुए 10 जुलाई को कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

### नशे के खिलाफ 'मानस 1933 हेल्पलाइन शुरू

हिसार। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नारकोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर मानस 1933 की शुरूआत की गई है। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि विशेष बात यह है कि सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग जानकारी साझा कर सकें।

## स्वास्थ्य मंत्री आरती राव 11 को हिसार में, उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ करेंगी

हिसार। सरकार द्वारा प्रदेश में दृष्टि सुधार से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए जा रहे उज्जवल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ 11 जुलाई को हिसार से किया जाएगा। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव इस अभियान की विधिवत शुरूआत गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रणबीर सिंह सभागार में करेंगी। यह अभियान विशेष रूप से स्कूली बच्चों और बुजुर्गों की आंखों की जांच एवं मुफ्त चश्मा वितरण के लिए संचालित किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि अभियान के तहत नेत्र परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे, जहां आंखों की जांच के बाद जरूरतमंद विद्यार्थियों व वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क दृष्टि सुधार चश्मे वितरित किए जाएंगे।



आरती राव

## तहबाजारी टीम ने सेक्टर 14 के गेट-1 और 2 के रोड से हटाया अतिक्रमण

हिसार। मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के आदेशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को टीम ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत सेक्टर 14 गेट नंबर 1 से की इसके साथ ही 2 नंबर गेट के रोड से अतिक्रमण हटाने की। इसके बाद टीम ने रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाया। इसके बाद टीम ने राजगढ़ रोड पर बाइपास रोड तक अतिक्रमण हटाया। इसके बाद आजाद नगर व बाइपास रोड से तोशाम चुंगी नाके तक अतिक्रमण हटाया। इसके साथ ही सेक्टर 16-17 रोड से भी अतिक्रमण हटाया। इसके पश्चात टीम ने आईटीआई चौक से जिंदल चौक तक अतिक्रमण हटाया। साथ ही न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन से भी अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद टीम ने जिन्दल चौक से डाबड़ा चौक तक अतिक्रमण हटाया।

## ठेका शिफ्ट कराने के लिए धरना जारी

- आबकारी विभाग को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर देना चाहिए : सरदाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाराजा अग्रसेन मार्केट एसोसिएशन द्वारा मार्केट से शराब ठेका को शिफ्ट करवाने के लिए धरना मंगलवार को भी जारी रहा। पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने मार्किट शिष्टमंडल को अपना समर्थन देते हुए कहा कि जब पूरी मार्केट इस ठेका खुलने के विरोध में है तो आबकारी विभाग को भी बिना किसी देरी के ठेका को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर देना चाहिए। उधर, सर्वजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर चावला व अन्य पदाधिकारी अग्रसेन मार्केट से शराब का ठेका हटाने को लेकर दिए जा रहे धरने को अपना समर्थन दिया। दुकानदार हरीश बांगा ने बताया कि सोमवार को मार्केट के एक शिष्टमंडल ने सिटी थाना में पुलिस द्वारा दिए गए नोटिस का जवाब दे दिया। सिटी थाना के एसएचओ को 52 पेज का जवाब साक्ष्यों सहित सौंप दिया गया है। प्रेम बंसल ने आरोप लगाया कि डीटीसी ज्ञापन पर उच्चाधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। यह ठेका मंदिर से प्रतिबंधित दूरी के दायरे में आता है। अग्रसेन मार्केट ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की है कि ठेका को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करवाए। धरने पर प्रधान श्रीराम राजलीवाला देवकीनंदन, सुरेश, रवि सैनी, रामनिवास, संजय कुमार, ओमप्रकाश ज्यानी मौजूद रहे।



हिसार। शराब ठेके को शिफ्ट कराने के लिए धरने पर बैठे मार्केट के दुकानदार व अन्य।

### तैराकी स्पर्धा में रूद्र और निलेश ने जीते पदक

हिसार। बाल भवन के स्विमिंग पूल में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले से करीब 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को पदक तथा सर्टिफिकेट दिए गए। एक दिवसीय प्रतियोगिता में 7 से 17 आयु वर्ग के लड़कों तथा लड़कियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में लाहौरिया स्कूल के छठी कक्षा के रूद्र शर्मा ने 50 मीटर की प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक प्राप्त किया तथा 25 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही निलेश ने 50 मीटर की प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन प्यारेलाल लाहौरिया ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### शहीद की यादें : आज भी छलक जाते हैं परिवार के आंसू

# 11 दुश्मनों को मारकर शहीद हुए थे पवित्र

- स्कूल का नाम भी शहीद के नाम पर नहीं रखा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नौ जुलाई 1999 को हिसार जिले के मिलकपुर गांव का रणबांकुरा पवित्र कुमार श्योरान मात्र 21 वर्ष की आयु में भारत पाक के बीच हुए कारगिल युद्ध में लड़ते लड़ते 11 दुश्मनों को मार गिराकर शहीद हो गया। पवित्र कुमार अविवाहित था, लेकिन उसे अपने घर-गांव की चिंता थी कि उसे स्वयं तो देश के काम आना ही है तो फिर माता-पिता भाई-बहनों के दिल को मजबूत करने का प्रयास करूं। इसीलिए शहीद होने से एक दिन पहले अपने गांव में दोस्त को चिट्ठी लिखता है कि मैं लड़ाई में नहीं हूं, धूप में बैठकर लिख रहा हूं। चिंता की कोई बात नहीं है। कुदरत का खेल भी निराला है, पवित्र कुमार की लिखी वह चिट्ठी बाद में आती है और शहीद का शव पहले पहुंच जाता है। शहीद होने की सूचना सुनकर सेना से सेवानिवृत्त हवलदार पिता किताब सिंह, ममतामयी मां सुजानी देवी तथा दो छोटे भाई व बहन बेजुबान हो जाते हैं। क्योंकि इस परिवार को गर्व था मरकर भी उनका लाडला देश के लिए बहुत कुछ कर गया, मगर दुख ये कि वे उसके लिए जीवन भर साथ निभाने वाली कोई प्यारी सी दुल्हन भी नहीं ला पाएंगे। पवित्र कुमार शहीद हो गया और देश वासियों ने उसकी शहादत को बड़ा सम्मान भी दिया। पर सरकार घोषणाओं को पूरा नहीं कर पाई। गांव में स्थित हाई स्कूल का नाम शहीद के नाम नहीं हो पाया। जबकि हरियाणा के अन्य कारगिल शहीदों के गांवों के स्कूल उनके नाम से गौरव गाथा गा रहे हैं। यहां तक कि जींद के गुलकनी से गांव राखी शाहपुर वाया मिलकपुर लिंक रोड पर भी शहीद पवित्र कुमार अपना नाम नहीं लिखा सका है। परिवार वालों का कहना है सरकार या लोग शहीदों को कुछ दिन ही पलकों पर बैठाते हैं और धीरे-धीरे उसे तथा उसकी बहादुरी को भूल जाते हैं।



पवित्र कुमार (फाइल फोटो )।

### वह सम्मान नहीं मिला, जिसका हकदार था शहीद

*शहीद पवित्र की विधवा मां तथा छोटे भाई सवित्र कुमार का कहना है कि लाडले बेटे व भाई के चले जाने का उन्हें कोई दुख नहीं है, बल्कि गर्व है। लेकिन सरकार की तरफ से शहीद पवित्र कुमार को वह सम्मान नहीं मिला, जिसका वह हकदार था। यह तो ठीक है कि पवित्र कुमार देश का अन्न जल खाकर पला बढ़ा है, पर देश के लिए उसने जो किया बदले में उसका प्रतिफल न मिलने पर शहीद की आत्मा शायद, अपमान ही महसूस कर रही होगी।*

# कावड़ियों के लिए रूट डायवर्ट, शिविर लगाने के लिए अनुमति लेना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने 11 से 24 जुलाई तक चलने वाले कांवड़ मेला यात्रा के संबंध में सभी थाना प्रबन्धक व सभी चौकी इंचार्जों को कांवड़ियों की सुरक्षा बारे कड़े निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी व राजस्थान आदि की तरफ जाने वाले कांवड़िए बॉर्डर से नेशनल हाइवे से होते हुए आएंगे। विभिन्न संस्थाओं व श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन से अनुमति लेकर शिविर लगाएं और निर्धारित किए नियमों की पालना करें। अमित यशवर्धन ने बताया कि कांवड़ मेला यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने व आवश्यक जानकारी एकत्रित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हरिद्वार व नीलकंठ से पैदल व डाक कांवड़ लेकर हरियाणा के विभिन्न जिलों से होते हुए हजारों कांवड़िए हांसी के रास्ते अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन व कावड़ियों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए पुलिस जिला हांसी की ओर से समय रहते सुरक्षा के सभी पुख्ता बंदोबस्त करने के प्रयास किए गए हैं। दूसरे जिला के बॉर्डर से जिन भी मार्गों से कावड़िएं गुजरते हैं, उन सभी मार्गों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के साथ ही मुख्य चौक चोराहों पर बेरिकेटिंग करवाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या न हो। इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। पुलिस बल के साथ-साथ स्वयंसेवक भी ड्यूटी करेंगे। जिले में कावड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस अलर्ट है।

### शिविर में पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम होना चाहिए



एसपी अमित यशवर्धन।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कावड़ियों की सेवा व विश्राम करने के लिए यात्रा के दौरान शिविर में पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम होने चाहिए। पार्किंग व्यवस्था भी सड़क से दूर रखनी होगी, साथ ही बैरिकेटिंग करवाए। पंडाल पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करें तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर तुरंत डायल 112 पर संपर्क करें।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स'बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मिल इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान :** मिट्टीः एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

**चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम**

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*__मुंबई।__ 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

## खबर संक्षेप

### राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार मंगलवार को स्टूडेंट पुलिस कैडेट टीम ने उपमंडल के गांव शेखपुरा, मुल्तान कॉलोनी हांसी व गांव पाली के राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, साइबर क्राइम व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। स्टूडेंट पुलिस कैडेट टीम इंचार्ज एएसआई दीपक कुमार ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई जा रही है। हरियाणा प्रदेश नशे से मुक्त हो। इसलिए हम सब की भी ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहें और दूसरों को भी नशे दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

### डीएसपी ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**हांसी।** ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बिश्नोई ने मंगलवार को गांव ढंढेरी का दौरा कर ग्रामीणों को नशे, साइबर क्राइम व ट्रैफिक नियमों के बारे जागरुक किया। इस अवसर पर डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि पुलिस और आमजन तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे व अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकता है और अपराधों में कमी आएगी और गांव में आपसी भाईचारा का सौहार्द बना रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध मुहिम चलाई गई है इसलिए, हम सब की भी ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

### बाबा श्याम व बालाजी के भजनों पर झूमें श्रद्धालु

**आदमपुर।** आदमपुर की श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से देवशयनी एकादशी पर 89वीं धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमें। शुभारंभ समिति के अध्यक्ष अमित गोयल ने बाबा की ध्वजा के साथ किया। भजन गायकारों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर सबको झूमने पर विवश कर दिया। श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम व सालासर बालाजी के दर्शन किए। इस मौके पर मा.दलबीर सिंह, विजय कुमार, मुकेश खैरमपुरिया, रितेश गर्ग, विनोद अनमोल, पवन राठोड़, कुलदीप, राहुल, मिनाक्षी, संगीता, नीलम, ज्योत्सना तनेजा, रिया असीजा, रश्मि, पूजा, नीरू आदि मौजूद रहे।

### टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ऐस प्रो मिनी-ट्रक

**हिसार।** टाटा मोटर्स, भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहन निर्माता ने ऑल-न्यू टाटा ऐस प्रो लॉन्च करके छोटे कार्गो परिवहन में एक नए युग की शुरुआत की है। टाटा ऐस प्रो केवल 3.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया है और भारत का सबसे सस्ता फोर-व्हील मिनी ट्रक है। टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर गिरीश वाघ ने कहा कि नया टाटा ऐस प्रो इस विरासत को नई पीढ़ी के लिए और बेहतर बनाता है। यह शानदार दक्षता, लचीलापन और बेहतरीन मूल्य देता है। टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय-फ्यूल और इलेक्ट्रिक वैरिएंट में उपलब्ध है।

### बैंकों में हाई क्वालिटी के कैमरे लगवाने को लेकर की चर्चा : एसपी

# पुलिस अधीक्षक ने सर्राफा व्यापारियों, पैट्रोल पंप संचालकों व बैंक अधिकारियों से की मीटिंग

**मीटिंग में व्यापारियों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को अवगत कराया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हांसी। व्यापारियों व बैंक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन व उप पुलिस अधीक्षक राज सिंह ने सुरक्षा को मध्येनजर रखते हुए सर्राफा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, पेट्रोल पंप संचालकों व बैंक अधिकारियों संग बैठक की गई। मीटिंग में व्यापारियों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों को भी अमल में लाने का आश्वासन दिया गया।पुलिस अधीक्षक ने बैंक अधिकारियों को बैंक परिसरों में अपराधियों की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर से लैस उन्नत निगरानी व उच्च गुणवत्ता वाले मेगापिक्सल कैमरे लगाने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि एटीएम बूथ के अंदर कैमरे इस तरह से लगाए जाएं की एटीएम में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति के चेहरे की स्पष्ट वीडियो कैप्चर हो सके और साथ ही रात्रि के लिए नाइट विजन कैमरे लगाने की भी व्यवस्था की जाए। बैंक के तीनों और अगर कोई भी बिल्डिंग नहीं है तो बैंक के चारों और कैमरे लगवाए।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रात के समय में एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए और उन्हें सतर्क रहने के जानकारी दी जाए व बैंकों या एटीएम में संदिग्ध तरीके से घूमते पाए जाने वाले व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें।

#### सीसीटीवी की डीवीआर की सेफ्टी सुनिश्चित

पुलिस अधीक्षक ने पैट्रोल पंप संचालकों से कहा कि वे अपने पंप पर कैमरों को इस प्रकार स्थापित करवाएं कि पंप के सामने से गुजरने वाले व्यक्तियों के हाव भाव, उनका चेहरा और वाहनों की नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखाई दें। सीसीटीवी की डीवीआर की सेफ्टी सुनिश्चित करें। साथ ही डीवीआर के डेटा को ऑनलाइन भी सुरक्षित करें। कैमरे हर समय काम करते रहने चाहिए, इससे आपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखी जा सकती है। अपराध होने पर उसके अनुसंधान में कैमरे पुलिस के लिए काफी सहायक होते हैं।

#### बाजार में गश्त बढ़ाकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हांसी शहर के सदर बाजार, चौपटा बाजार, बजरिया चौक सहित भीड़-भाड़ वाले स्थानों तथा सर्राफा बाजार में राइडर व सादे कपड़ों में पुलिस द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। वहीं बाजार में गश्त बढ़ाकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। सर्राफा बाजार के व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठान पर काम करने वाले कर्मचारियों की वेरीफिकेशन करवाने तथा रात्रि के समय मार्केट में चौकीदार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वे अपनी दुकान पर कैमरा इस तरह से लगाएं की दुकान में आने वाले हर व्यक्ति का चेहरा साफ नजर आए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

#### बिना नंबर प्लेट वाहनों व बोतलों में तेल न दें

उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप संचालकों के लिए नकदी प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि व्यवसाय में बड़ी मात्रा में नकद लेनदेन शामिल होता है। इसलिए नगदी अधिक होने पर उसे तुरंत बैंक में जमा करवाए। सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस की गाड़ियां बाजारों में पेट्रोलिंग करती रहती है। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर बिना किसी देरी के पुलिस को सूचित करें। और जब भी कोई भी नया कर्मचारी को नौकरी पर रखें तो उसकी पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करवाएं और बिना नम्बर प्लेट वाहनों व बोतलों मे तेल न दें।



हिसार । प्रशासक एनके गोयल से मुलाकात करते कटला रामलीला के पूर्व पदाधिकारी।

## रामलीला और विजयादशमी महोत्सव को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

■ कटला रामलीला को ढंग से आयोजित करने के लिए प्रशासक की तरफ से जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उनका पूर्व पदाधिकारी एवं आजीवन सदस्य पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे

श्री रामलीला कमेटी कटला के पूर्व पदाधिकारियों ने प्रशासक एनके गोयल से मुलाकात करके सितंबर में आयोजित होने वाली रामलीला व विजयादशमी महोत्सव के संदर्भ में चर्चा की।

कटला रामलीला के पूर्व प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, पूर्व महामंत्री राजेश बंसल, पूर्व एडहॉक कमेटी सदस्य कृष्ण खटाना और अन्य आजीवन सदस्यों ने प्रशासक को आश्वस्त किया कि वे सभी प्रशासक की योजना और निर्देशानुसार रामलीला की तैयारियों व विजयादशमी महोत्सव के लिए हरसंभव सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। सुरेंद्र लाहौरिया ने बताया कि कटला रामलीला को ढंग से आयोजित करने के लिए प्रशासक की तरफ से जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उनका पूर्व पदाधिकारी एवं आजीवन सदस्य पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

सुरेंद्र लाहौरिया ने बताया कि कटला रामलीला कमेटी के तत्वावधान में में श्रीरामकथा, श्रीरामनवमी महोत्सव, श्रीराम विवाह, भंडारा व हवन, श्रीरामलीला मंचन व विजयादशमी महोत्सव धूमधाम से सफलतापूर्वक मनाए गए, इनके साथ अयोध्या में श्रीरामलला विराजमान मंदिर की स्थापना के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन, आतिशबाजी व भंडारे के आयोजन में भी काफी लोग शामिल हुए। कटला रामलीला द्वारा अग्रोहा मेडिकल कॉलेज को आधुनिक एंबुलेंस भेंट करके जनहित का कार्य किया गया। इनके साथ ही नालबंद गली में स्थित श्री रामलीला भवन का पुनरुद्धार करके उसमें रामलीला कमेटी की गतिविधियों को सुचारू ढंग से संचालित किया गया।

## सोमबीर बनीं नर्सिंग कैडर एसो. की उपप्रधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार । नव मनोनीत पदाधिकारियों को पदग्रहण की शपथ दिलाते जिला प्रधान संतोष श्योराण। फोटो : हरिभूमि

नर्सिंग कैडर एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की सांगठनिक मजबूती के लिए जिला कार्यकारिणी सदस्यों के विस्तार और ब्लॉक हिसार के पदाधिकारियों के मनोनयन को लेकर मंगलवार को नागरिक अस्पताल में मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान संतोष श्योराण एवं संचालन सचिव आत्मा राम ने किया।

सर्वसम्मति से जिला कार्यकार्यकारिणी में उप प्रधान सोमबीर, उप सचिव राजू ,कैशियर राकेश पुनिया, प्रैस सचिव कीर्ति राणा, सलाहकार चमेली देवी, मेहंदी देवी, मंजू बामल, सुंदर, कमल नंदलाल, ज्योति, सुमन पूनिया, कमलेश, मुकेश, कविता चौधरी, सुशीला बेबी, मनीषा, रेखा, बलवंत,पूजा शर्मा आदि को मनोनीत किया गया। ब्लॉक हिसार कार्यकारिणी में प्रधान महेन्द्री देवी,सचिव पूजा वर्मा और कैशियर सुनील को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर कैशियर राजेंद्र, प्रैस सचिव पूनम खन्ना सहित जिलेभर से पहुंचे नर्सिंग कैडर के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। जिला प्रधान संतोष श्योराण ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को पदग्रहण करने की शपथ दिलाई।

### कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व का भागीदारी न्याय महासम्मेलन 25 को

**हांसी।** कांग्रेस नेता एवं हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन योगेंद्र योगी ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। आज हमें हाशिए पर खड़े वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ओबीसी नेता इस नई शुरूआत की घोषणा करने के लिए 25 जुलाई को सुबह दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एकत्रित हो रहे हैं। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के लोगों से आह्वान किया कि इस भागीदारी न्याय महासम्मेलन में आपकी उपस्थिति देश भर के ओबीसी वर्ग को एकजुट और जागरूक करने में बहुत महत्वपूर्ण होगी। योगी ने कहा कि महासम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मुख्य रूप से संबोधन करेंगे।

## अपराधों की सुनवाई में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ न्यायपालिका के समक्ष ठोस साक्ष्य और कानूनी तर्कों के साथ प्रस्तुत होकर इन मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाना चाहिए : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार । चिन्हित अपराध बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव।

लघु सचिवालय परिसर स्थित वीसी हॉल में चिन्हित अपराध मामलों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनीश यादव ने संबंधित न्यायवादी, पुलिस विभाग तथा अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि चिन्हित अपराधों की सुनवाई में तेजी लाई जाए ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके और दोषियों को समय पर दंडित किया जा सके। उपायुक्त ने न्यायवादियों को निर्देशित किया कि चिन्हित अपराध मामलों की अग्रिम तैयारी सुनिश्चित की जाए ताकि अदालत में मजबूती से पक्ष रखा जा सके। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के समक्ष ठोस साक्ष्य और कानूनी तर्कों के साथ प्रस्तुत होकर इन मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाना चाहिए। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नगराधीश हरिराम सहित जिला न्यायवादी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### खरड़-अलीपुर में टॉपर बेटियां हुई सम्मानित

**हिसार।** गांव खरड़-अलीपुर 12 वीं कक्षा की टॉपर हिमांशी सुपुत्री सुनील कुमार और 10 वीं कक्षा की टॉपर नैन्शु सुपुत्री वीरेंद्र को सम्मानित किया। इसके अलावा गत 29 जून को गांव में आयोजित नशा मुक्ति अभियान के तहत हॉफ मैराथन दौड़ और 10 कि.मी. दौड़ के विजेता खिलाडि़यों को भी सम्मानित किया गया। ग्रुप ए में पहला स्थान आर्या, दीपांशु ने तथा दूसरा स्थान मिठू ने व तीसरा स्थान तन्नू ने प्राप्त किया। ग्रुप बी में पहला स्थान ध्रुरव, मनीत ने दूसरा स्थान अंशु व आयुष ने व तीसरा स्थान आर्यन हर्षित ने प्राप्त किया। ग्रुप सी में पहला स्थान अंजली शर्मा ने दूसरा स्थान मोहित ने व तीसरा स्थान छोटी व विजेंदर ने प्राप्त किया। ग्रुप डी में पहला स्थान मिंटू ने, दूसरा स्थान दीक्षा, जस्सी ने व तीसरा स्थान चिंटू ने प्राप्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि पवन शर्मा, संचालक एस.डी. सी. से. स्कूल, सुरेश मास्टर, व मुकेश कुमार रहे।

## सच्चा गुरु अज्ञानता का नाश करके ज्ञान की रोशनी फैलाता : स्वामी नारायणाचार्य

■ चरण पादुका पूजन के साथ तिरुपति धाम में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार । तिरुपति धाम में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उपस्थित स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज व श्रद्धालुगण।

श्री तिरुपति बालाजी धाम में पूरे विधि-विधान से गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। परम पद प्राप्त अनंत विभूषित जगद्गुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी श्री देवनारायणाचार्य जी महाराज की चरण पादुका पूजन के साथ महोत्सव की शुरूआत की गई।स्वामी नारायणाचार्य महाराज ने कहा कि गुरु ही सच्चा मार्गदर्शक होता है और कल्याणकारी कार्यों के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने कहा कि गुरु अज्ञानता का नाश करके ज्ञान की रोशनी फैलाता है। इसलिए गुरु के दिए उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लेना चाहिए। तिरुपति धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस दौरान भक्तों ने धाम में स्थापित भगवान श्री वेंकटेश जी, माता श्री पद्मावती जी व माता श्री गोदांबा जी के मुख्य मंदिरों के दर्शन किए।



हिसार । नई सब्जी मंडी में मासिक भंडारा वितरित करते श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## श्याम बालाजी सेवादार मंडल ने नई सब्जी मंडी में लगाया भंडारा

**हिसार।** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की ओर से हर महीने बारस पर लगने वाले भंडारे की कड़ी में दुकान नम्बर नई सब्जी मंडी में दुकान नंबर 75 पर भंडारा लगाया गया जिसमें पूरी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। मंडल के प्रधान सुरेन्द्र बालान ने बताया कि संस्था के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण सहारण व कोषाध्यक्ष अरुण शेट्टी ने बाबा का भोग लगाकर भंडारे की शुरूआत की। इस अवसर पर मंडल से जुड़े संजय सैनी, राजेंद्र सैनी, हैप्पी बालान, ललित सैनी, संदीप जांगड़ा, विजय बालान, विजय, हैप्पी सैनी, डॉक्टर मोहित, अशोक वर्मा, अमनदीप, तेजपाल, सुरेंद्र, छोटू देव मुनीम, बिट्टू, पारुल, सोनू जांगिड़, अरुण, राजकुमार आदि सदस्य मौजूद रहे।

**अभियान** | एंटी नारकोटिक सेल ने डॉग स्क्वाड टीम सहित चलाया सर्च अभियान

# नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए गांव लोहारी मोठ रांगड़ान और मोठ करनैल में की छापेमारी

■ अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ

■ पुलिस ने हर संदिग्ध जगह पर जांच की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद



नारनौंद । गांव मोठ करनैल में सड़क अभियान चलाते हुए पुलिस के कर्मचारी।

एंटी नारकोटिक्स सेल में तैनात सब इंस्पेक्टर जोगेन्द्र ने मंगलवार को नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए थाना नारनौंद क्षेत्र गांव लोहारी, मोठ रांगड़ान व मोठ करनैल में पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम सहित संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेक जगहों पर सर्च ऑपरेशन के तहत जांच की।

इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो। अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो, उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। पुलिस ने हर संदिग्ध जगह पर जांच की। इस दौरान मादक पदार्थ या संदिग्ध वस्तु का कोई मामला सामने नहीं आया। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन कहा कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में मानस पोर्टल, नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1933 या कंट्रोल रूम हांसी 8813089302 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### अश्वनी प्रधान और संजय बने मॉर्निंग वॉक कमेटी के सचिव



**हिसार।** मॉर्निंग वॉक कमेटी की एक बैठक सेवानिवृत्त अधिकारी आरडी शर्मा की अध्यक्षता में ग्रीन पार्क में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अश्वनी सच्चर को प्रधान, संजय चुघ को सचिव व पाला राम को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में कमेटी के पूर्व प्रधान सुनील कटारिया ने लेखा जोखा प्रस्तुत किय। इस अवसर पर कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्यों ने विश्वास दिलवाया कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है उसका वे अच्छे से निर्वहन करेंगे। कमेटी के नवनिर्वाचित प्रधान अश्वनी सच्चर ने सुनील कटारिया, डॉ महिपाल मुंजाल, एचके शर्मा, प्रवीण वर्मा, ओपी बजाज, सुरेंद्र अनेजा, सुशील बत्रा, विनोद कुमार, सुभाष कथूरिया, श्रवण पाहवा, दर्शन महता को सहलाकार कमेटी में शामिल किया।

### भाविप विवेकानंद शाखा ने झुग्गी पाठशाला मे मनाया स्थापना दिवस



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित भाविप विवेकानंद के पदाधिकारी एवं पाठशाला संचालक।

हिसार। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा परिषद स्थापना दिवस झुग्गी पाठशाला में बच्चों के साथ सेवा उत्सव के रूप मे मनाया। भीख नही किताब दो एवं संभव वेलफेयर संस्था द्वारा संचालित सेक्टर 16-17 की झुग्गियों मे चल रही पाठशाला के लिए फर्राटा पंखा भेंट किया । सभी बच्चो के लिए चप्पल व फल वितरित किए। शाखा अध्यक्ष अमर गोयल ने बच्चों को संबोधन मे कहा कि अब समय आ गया है कि अभावग्रस्त बच्चे शिक्षा पाकर अपने भविष्य को संवारे। भीष्ण गर्मी मे फर्राटा की हवा खाकर, नयी चप्पल पहनकर बच्चों के चेहरों की मुस्कुराहट देखते ही बनती थी। इस मौके पर मांगेराम गुप्ता, मनीराम बंसल, मनीष जैन, हरीश शर्मा, सीताराम मंगल, हरिओम, हेमंत बंसल, विनोद मुंजाल, रमेश गोयल, सुमीत मित्तल, केशव जैन, रोहन जैन एवं झुग्गी पाठशाला संचालक संस्था से त्रिलोक बंसल आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### एलआईसी ग्रीन बेल्ट में ने किया पौधरोपण

**हिसार।** भारतीय जीवन बीमा निगम हिसार शाखा-1 के अधिकारी और कर्मचारियों ने दिल्ली रोड स्थित ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण किया। यह कार्यक्रम शाखा प्रबंधक लोकेश मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्य को निभा सकते हैं। पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम है, एलआईसी की तरफ से जुलाई माह में पौधरोपण के और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर परशाखा प्रबंधक लोकेश मीणा सहित अधिकारी गीता रानी, रेनू जैन, त्रिलोक बंसल, राजेंद्र सिंह, विपिन, अनुज आदि स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

### लायन क्लब ने पौधरोपण सप्ताह मनाया

**उकलाना।** अंतरररष्ट्रीय संस्था लायंस क्लब की शाखा द्वारा पौधारोपण सप्ताह का आयोजन किया गया। क्लब के पीआरओ लायन बजरंग बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन क्लब के सचिव लायन राजेश भूटानी रहे और उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता किशोरी लाल भूटानी की याद में 2500 पौधों के हरियाली संकल्प का नेतृत्व किया। प्रोजेक्ट की शुरुआत लायन राजेश भूटानी के खेतों में पहले ही दिन 500 पौधे लगाकर की गई। जिस कड़ी में आगे बढ़ते हुए क्लब के द्वारा लायन भवन में भी पौधारोपण किया गया। इसी के साथ उकलाना से सूरेवाला रोड पर भी फलदार पौधों को लगाया गया।

### हरिद्वार में होगा हरियाणा का 'सावन पर्व'

**हिसार।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा आगामी 11 एवं 12 जुलाई को पवित्र नगरी हरिद्वार में 'सावन पर्व' का दो दिवसीय विशाल आयोजन किया जा रहा है। समाज के हिसार जिला अध्यक्ष ललित बंसल ने बताया कि सावन मास की पवित्रता एवं हरियाली से ओतप्रोत इस आयोजन की शुरुआत 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे होगी। आगमन एवं आपसी मेलजोल के साथ इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकासमिति की बैठक, समाज के लिए विशेष कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान समारोह, हर की पावन पैडी पर गंगा स्नान एवं महाआरती तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में हवन कल

**हिसार।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 10 जुलाई को कैमरी रोड स्थित श्रीश्री 1008 ब्रह्मलीन श्री ओमानंद महाराज ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में पूरी श्रद्धा के साथ कई धार्मिक आयोजनो के साथ मनाया जाएगा। आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज ने बताया कि 10 जुलाई को प्रातः 8:15 बजे विद्वान ब्राह्मणों द्वारा हवन करवाया जाएगा। 9:15 से गुरुपूजन का कार्यक्रम रहेगा। उसके बाद गुरु की महिमा को लेकर सत्संग का आयोजन रहेगा।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट

# आज बसें नहीं चलेंगी, बिजली और पानी की सेवाएं भी प्रभावित रहेंगी

### सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल रहेगी। हड़ताल का रोडवेज, बिजली व पेयजल सेवाओं पर असर पड़ने की संभावना है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारी संगठनों ने कमर कस ली है। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिओं ने मंगलवार की देर रात ही बस स्टेंड पर डेरा डाल लिया है, ताकि बुधवार सुबह बस स्टेंड से रवाना होने वाली पहली रोडवेज बस को रोका जा सके। उधर, हड़ताल को देखते पुलिस व प्रशासन भी अलर्ट है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए है। जिले में धारा 163 बीएनएसएस प्रभावी की गई है।

एसपी ने हड़ताल के दौरान किसी प्रकार के रोड जाम या आपात सेवाओं में बाधा की आशंका को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस को आवश्यकतानुसार रूट डायवर्ट करने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी



पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि कर्मचारी व मजदूर संगठनों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 9 जुलाई को हड़ताल की घोषणा की गई है। इसको देखते हुए पुलिस ने सार्वजनिक एवं निजी संपत्तियों की सुरक्षा के साथ-साथ आमजन की सुविधा के लिए विशेष सुरक्षा योजनाएं तैयार की हैं। उन्होंने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी व्यक्ति सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाए। इसके लिए सख्त निगरानी रखी जाए। थाना क्षेत्रों में पीसीआर, राइडर और पेट्रोलिंग टीमें दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित लगातार गश्त करेंगी। एसपी ने हड़ताल में शामिल सभी संगठनों से अपील की है कि वे संविधान और कानून के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करें। किसी भी प्रकार की हिंसा या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**-शशांक कुमार सावन, एसपी**

### हड़ताल में शामिल होंगे बिजली कर्मचारी

ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के गंगवा सब यूनिट में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सब यूनिट के प्रधान विकास शर्मा ने की। प्रधान विकास शर्मा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में गंगवा सब डिवीजन एएचपीसी वर्कर यूनियन के सभी कर्मचारी व पदाधिकारी पूरे जोश से हिस्सा लेंगे। यह हड़ताल सभी ट्रेड यूनियनों, केंद्र सरकार कर्मचारी परिसंघ, एआईएजीईएफ व राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर की जा रही है।

### सफाई कर्मियों की अपील बढ़-चढ़कर भाग लें

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सफाई कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कालूराम प्रधान ने की। मीटिंग में फैसला लिया गया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी स्वीपर्स यूनियन बढ़-चढ़ कर भाग लेगी। बैठक में संजय तिसावर, विक्रम कांगड़ा, विकास चिंडालिया, बंटी चिंडालिया, प्रदीप अठवाल, शंकर सरवटा, विनोद चावरिया, अमित सिद्धू, मोहित अठवाल, रीना, राज, बाला, कमलेश, जयदीप, संदीप, नरेश, सुनील मौजूद रहे।

### हड़ताल की तैयारियां पूरी, सभी का समर्थन : बांगड

ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि भाजपा-नीत केंद्र सरकार की मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एआईयूटीयूसी सहित देश की 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के साझे आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को एक दिन की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की तैयारियां जोरों पर हैं। इस आम हड़ताल को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने भी पूर्ण समर्थन दिया है।

### विवि कर्मचारी भी हड़ताल में होंगे शामिल : वधवा

9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल में ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एम्प्लाइज फेडरेशन, हरियाणा से संबंधित प्रदेश के सभी सरकारी विश्वविद्यालय की यूनियनें/संगठन बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। फेडरेशन के चेयरमैन विपिन वधवा ने बताया कि चार लेबर कोड्स रद्द करने, आठवें वेतन आयोग का गठन करने, राज्य का अलग वेतन आयोग बनाने, सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने आदि मांगों को लेकर देश के मजदूरों व कर्मचारियों बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे।

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में छात्रा परी सम्मानित



हांसी। स्कूल छात्रा परी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्रिंसिपल नीतीश मिश्र व निदेशक साहिल यादव फोटो :हरिभूमि

- इनोवेशन काउंसिल की गतिविधि से छात्रों में जगा उद्यमिता का भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रातःकालीन सत्र में छात्रा परी को उसके 11वें जन्मदिन पर 11 पौधे लगाने के लिए सम्मानित किया गया। यह पर्यावरणीय कार्य उसने विद्यालय प्रबंधन के मार्गदर्शन में ग्राम विकास मंडल मिलकपुर के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक साहिल यादव एवं प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने परी को एक स्मृति चिह्न भेंट कर उसकी सराहना की। साहिल यादव ने ग्राम विकास मंडल को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना पैदा करती हैं। प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने सभी छात्रों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन पर पौधरोपण कर इसे यादगार बनाएं। इस अवसर के उपरांत, विद्यालय की स्कूल इनोवेशन काउंसिल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की पहली गतिविधि उधमी कौशल का विकास आयोजित की गई। यह कार्यक्रम स्कूल इनोवेशन एम्बेसडर बालेश्वर मेहतो द्वारा उप प्रधानाचार्या गीता यादव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस प्रकार आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस ने एक ओर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तो दूसरी ओर नवाचार और उद्यमिता के बीज भी बोए।

## गली में खड़ी बाइक को लेकर झगड़ा दो महिलाओं समेत 5 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर की हनुमान कॉलोनी में सोमवार रात को घर के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते दो गुटों की हिंसक झड़प में बदल गया। और दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे व ईंट पत्थर चले जिससे दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। झगडे में घायल सभी लोगों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी है। दोनों पक्षों ने पुलिस के समीप एक-दूसरे पर मार-पीट कर घायल करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पक्ष के युवक ने घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई और फिर दोनों पक्षों में मारपीट तथा उसके बाद लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। लड़ाई में दोनों पक्षों की महिलाएं और युवक शामिल थे। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन एक पक्ष के घायल राहुल ने बताया कि सोमवार शाम को उसका बाइक गली में खड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर पड़ोसी समुद्र ने घर के बाहर खड़े उसके पिता पर हमला कर दिया और जब हम उन्हें बचाने के लिए आए तो हमारे उपर भी लाठी डंडों व ईंट पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। जिसमें उसके पिता 58 वर्षीय करण सिंह, भाई राहुल की पत्नी 22 वर्षीय कविता तथा वह स्वयं भी घायल हो गया। उन्होंने बताया कि उसके पिता करण सिंह की हालत गंभीर है।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर की पूर्व छात्रा का एम्स में दाखिला

- डीएम एंडोक्रिनोलॉजी एवं मेटाबॉलिज्म पाठ्यक्रम में हुआ एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर की प्रतिभाशाली पूर्व छात्रा डॉ. संजोली अग्रवाल ने चिकित्सा के क्षेत्र में असाधारण सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावक, नगर एवं प्रांत का नाम रोशन करते हुए अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। स्कूल प्राचार्या गीता मेहता ने बताया कि डॉ. संजोली अग्रवाल ने नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक की शिक्षा श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी से ग्रहण की। अपने स्कूली जीवन से ही वह मेधावी, अनुशासित एवं समर्पित छात्रा रही हैं। वर्ष 2015 में प्रतिष्ठित एम्स जोधपुर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर दिसंबर 2020 में इसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

इसके पश्चात देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक आईएनआई-सीईटी में ऑल इंडिया रैंक 77 प्राप्त कर एम्स नई दिल्ली में एमडी मेडिसिन में प्रवेश प्राप्त कर अगस्त 2024 में यह डिग्री भी सफलतापूर्वक पूर्ण की।

अक्टूबर 2024 से जुलाई 2025 तक एम्स नई दिल्ली में सीनियर रेजिडेंट (मेडिसिन) के रूप में कार्यरत रहते हुए मई 2025 में आयोजित आईएनआई -एसएस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर एम्स नई दिल्ली में डीएम एंडोक्रिनोलॉजी एवं मेटाबॉलिज़्म पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया, जो चिकित्सा क्षेत्र की सर्वोच्च उपलब्धियों में से एक है।

### सबसे बड़ा योगदान : डॉ. संजोली



डॉ. संजोली अग्रवाल ।

अपनी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर डॉ. संजोली ने भावुक होते हुए कहा व्यक्तित्व, कैरियर तथा चिकित्सा के क्षेत्र में विलक्षण उपलब्धि को आकार देने में सबसे बड़ा योगदान मेरे विद्यालय श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी का है। मैंने यहीं से शिक्षा की नींव रखी और यही मेरी प्रेरणा का प्रथम स्रोत बना। मैं इस पवित्र संस्था और अपने सभी शिक्षकों के प्रति सदा आभारी रहूंगी।

## कबाड़ की दुकान में विस्फोट से मौत मामले में एक काबू

**हिसार।** थाना शहर पुलिस ने गत 23 जून को ऋषि नगर स्थित एक कबाड़ी की दुकान में हुए विस्फोट के मामले में आरोपी पंकज कुमार निवासी सेक्टर-14 को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे आगे की गहन पूछताछ जारी है। जांच अधिकारी उप-निरीक्षक मनमोहन सिंह ने बताया कि आरोपी पंकज ने जानबूझकर विस्फोटक पदार्थ से भरा लोहे का पाइप कबाड़ी को बेच दिया था, जबकि उसे स्पष्ट जानकारी थी कि पाइप में विस्फोटक भरा हुआ है। इसी लापरवाही और गैरकानूनी कृत्य के चलते विस्फोट हुआ, जिसमें कबाड़ी श्रीचंद गंभीर रूप से घायल हो गया था और बाद में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय है कि 23 जून को थाना शहर हिसार में सूचना मिली थी कि ऋषि नगर स्थित एक स्क्रैप की दुकान में विस्फोट हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को भादरा (हनुमानगढ़) निवासी सुशील कुमार ने शिकायत दी थी कि उसका जीजा श्रीचंद निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेरी लगाकर घरों से कबाड़ एकत्र करता था और उसे उसकी दुकान पर बेचता था। वह 23 जून को कबाड़ लेकर दुकान पर आया और रेहड़ी से सामान उतारकर कंप्यूटर कांटे पर वजन कर रहा था, तभी एक पाइप में विस्फोट हो गया। इस हादसे में श्रीचंद सहित अन्य लोग घायल हो गए।

## श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को लांयस क्लब हांसी के साथ मिलकर श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने लांयस क्लब सदस्यों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे लगाए और पर्यावरण को स्वच्छ व हरित बनाए रखने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर इंस्पेक्टर सदानंद वत्स ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मूल आधार हैं। वे न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि भूमि की उर्वरता तथा मौसम में आर्द्रता बनाए रख तापमान नियंत्रित करते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित करने में भी सहायक हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन राजपाल यादव, लायन प्रधान संजय बंसल, पूर्व प्रधान दीपक मित्तल, सुरेश बंसल, जुगल ग्रोवर, प्रवीण गर्ग व रामस्वरूप खट्टर सहित सभी क्लब सदस्य मौजूद थे।



हांसी। श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में पौधारोपण करते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स उनके साथ हैं स्कूल चेयरमैन राजपाल यादव।



हिसार। कैंप में जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### हिसार बार में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन हिसार द्वारा अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संतोष एडवांस ई.एन.टी. हेल्थकेयर के सहयोग से एक निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ई.एन.टी., हेड एंड नेक कैंसर सर्जन डॉ. दिशांत छाबड़ा ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ अधिवक्ताओं के कान, नाक और गले की निशुल्क जांच की। मेडिकल कैंप में काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया और कैंप की सराहना की। इस स्वास्थ्य सेवा आयोजन के दौरान बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप बूरा, उपप्रधान विकास पूनिया, सचिव समीर भाटिया, सह सचिव सुनील भारद्वाज तथा कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने मेडिकल टीम का आभार प्रकट किया।

## दंगों की बरसी को काला दिवस के रूप में मनाएंगे : सिंह

**हिसार।** गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, नागोरी गेट, हिसार का पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में हरियाणा सरकार द्वारा गठित हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व सदस्य डाबड़ा चौक निवासी स. सुखसागर ने कहा कि 1987 के दंगों को 38 वर्ष पूरे हो चुके हैं लेकिन इसके पीड़ित सिख समाज के लोग आज भी न्याय की बाट जोह रहे हैं। दंगों के आरोपियों को शासन-प्रशासन द्वारा मामूली मारपीट व झगड़े दिखाकर बरी कर दिया गया और केस को बंद कर दिया गया जबकि इसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। सरदार सुखसागर ने बताया कि सिख समुदाय के लोगों के साथ यह भद्दा मजाक किया गया है कि जिनके घर-बार उजड़ने और लाखों रुपये के नुकसान के बावजूद उन्हें मामूली सा मुआवजा देकर प्रशासन ने औपचारिकता पूरी कर दी। यहां तक कि जिन आरोपियों के घर पर लूट का लाखों रुपये का सामान बरामद हुआ था उन पर भी सरकार व प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की गई और सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने दी जानकारी

# आईएसओ की वेबसाइट पर हमारी केस स्टडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा भारतीय प्रिंटिंग उद्योग से तैयार केस स्टडी 'भारतीय प्रिंटर्स द्वारा अपनाए गए प्रिंट मानकों के लाभ' को अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण (आईएसओ) की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है। यह केस स्टडी आईएसओ की तकनीकी समिति टीसी-130 के आधिकारिक पृष्ठ पर प्रकाशित हुई है। इस केस स्टडी के लेखक मंडल में प्रो. अंजन कुमार बराल व डॉ. संजीव कुमार गुजविप्रौवि के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के संकाय सदस्य हैं।

तीसरे सदस्य दास दामोदरन, फ्रैब टेक्नोलॉजीज, मुंबई के बिजनेस डायरेक्टर हैं। इस महत्वपूर्ण केस स्टडी में बीआईएस टीम (भारतीय मानक ब्यूरो) और आईएसओ टीसी-130 टीम की सक्रिय भूमिका रही है। प्रो. अंजन कुमार बराल व डॉ. संजीव कुमार ने केस स्टडी की प्रति कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को सौंपी।



हिसार। गुजवि में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को केस स्टडी की प्रति सौंपते प्रो. अंजन कुमार बराल व डा. संजीव कुमार। फोटो : हरिभूमि

### भारत के लिए गौरव का विषय : प्रो. बिश्नोई

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने लेखकों को इस केस स्टडी के प्रकाशन के लिए बधाई दी और कहा कि भारतीय प्रिंटर अंतरराष्ट्रीय प्रिंट मानकों को अपनाकर गुणवत्तापूर्ण और एकरूप मुद्रण सुनिश्चित कर रहे हैं। भारत प्रिंट मानकों को अपनाने में किए गए प्रयासों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि गुजवि हमेशा से गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक मानकों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह केस स्टडी केवल लेखकों की उपलब्धि ही नहीं, बल्कि भारत के लिए गौरव का विषय है।

### भारत अब मानकों के निर्माता के रूप में भी उभर रहा : कुलसचिव

कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि यह सफलता हमारे विश्वविद्यालय और पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर है। इससे यह साबित होता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि मानकों के निर्माता के रूप में भी उभर रहा है। इस केस स्टडी में भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका को भी प्रमुखता से रेखांकित किया गया है, जिन्होंने भारतीय प्रिंट उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए लगातार प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और नीति निर्धारण में सहयोग किया। साथ ही आईएसओ टीसी-130 तकनीकी समिति ने भारत की भागीदारी को सशक्त बनाते हुए, भारतीय प्रतिनिधियों को लेखन और मानक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान किया।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।
डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3,
Rishi Nagar, Hisar